सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–**42**
12/01/2026

# मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय पुलिस सम्मेलन 2026 का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

**पटना, 12 जनवरी 2026 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सरदार पटेल भवन स्थित बिहार पुलिस ऑडिटोरियम में राज्यस्तरीय पुलिस सम्मेलन 2026 का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मद्य निषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो तथा पृथक साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। बिहार में कानून का राज है। मुझे आप सभी पुलिस पदाधिकारियों से उम्मीद है कि आप सब ईमानदारी के साथ पूरी तत्परता एवं कड़ाई से अपराध नियंत्रण के लिये काम करेंगे।

कार्यक्रम में अपर पुलिस महानिदेशक (आधुनिकीकरण) श्री सुधांशु कुमार ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न एवं पौधा भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष बिहार पुलिस के कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के पूर्व सरदार पटेल भवन स्थित जीविका दीदी की रसोई का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री श्री सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, गृह विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री संजय कुमार सिंह, गृह विभाग के सचिव श्री प्रणव कुमार, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक स्तर के पदाधिकारी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******